भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3680

04 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

स्टील का आयात

3680. श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में स्टील का आयात किया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो कुल कितने स्टील का आयात किया जा रहा है;

(ग) किस देश से स्टील का सर्वाधिक आयात किया जाता है; और

(घ) क्या रूस-यूक्रेन युद्ध से स्टील की कीमत और आयात पर प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (ग): जी हाँ। वर्ष 2020-21 में, 4.75 एमटी तैयार इस्पात का आयात किया गया था, जिसमें से दक्षिण कोरिया से अधिकतम 1.95 एमटी का आयात किया गया था।

(घ): कुल इस्पात आयातों में से यूक्रेन और रूस से इस्पात का आयात 2% है। ब्यौरा निम्नानुसार है:

तैयार इस्पात का आयात (मिलियन टन में)			
वर्ष	**रूस**	**यूक्रेन**	**कुल आयात**
2019-20	0.071	0.084	6.77
2020-21	0.063	0.031	4.75
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)			

रूस-यूक्रेन संकट के बाद फरवरी, 2022 और मार्च, 2022 के माह में इस्पात की वस्तुओं की औसत खुदरा बाजार कीमतों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

मद	**औसत खुदरा बाजार कीमत (रुपये प्रतिटन)(जीएसटी रहित)**	
	फरवरी, 2022	**मार्च, 2022**
पिग आयरन	48417	58787
पेंसिल इन्गोट्स	48642	55769
वायर रॉड्स (8एमएम)	56503	64414
राउंड्स (12एमएम)	55674	66096
टीएमटी (10एमएम)	59144	69438
प्लेट्स (10एमएम)	65860	74419
एचआर क्वायल्स (2.00 एमएम)	68150	76402
सीआर क्वायल्स (0.63एमएम)	75273	83379
जीपी शीट्स (0.63एमएम)	79975	88162
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)		

****